Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 5 अगस्त, 2023

क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI)

S&P ग्लोबल के अनुसार, हाल ही में **सेवा** [**क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI)**] जून में तीन महीने के निचले स्तर के बाद **जुलाई माह में 13 वर्ष के प्रभावशाली उच्चतम 62.3 स्तर पर पहुँच** गया। यह क्षेत्र के अनुकूल और आर्थिक विकास को गति देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालता है।

- PMI एक **सर्वेक्षण-आधारित उपाय** है जो कंपनी के **निर्णय निर्माताओं, विश्लेषकों और निवेशकों** को **वर्तमान एवं भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों** के बारे में जानकारी प्रदान करता है। यह एक सर्वेक्षण-आधारित उपाय है।
- **विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों** के लिये इसकी अलग-अलग गणना की जाती है तथा फिर एक **समग्र सूचकांक** भी बनाया जाता है। PMI को **0 से 100 तक के सूचकांक** पर मापा जाता है।
  - 50 से ऊपर का PMI **विस्तार का संकेत** देता है, जबकि 50 से नीचे का PMI **संकुचन का संकेत** देता है।
- **बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात** भारत के सेवा क्षेत्र के विकास के प्रमुख स्रोत बनकर उभरे हैं।

और पढ़ें... **क्रय प्रबंधक सूचकांक**

प्रधानमंत्री जी-वन योजना

हाल ही में **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में** **प्रधानमंत्री जी-वन (जैव ईंधन-वातवरण अनुकूल फसल अवशेष निवारण) योजना** के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

- प्रधानमंत्री जी-वन योजना मार्च 2019 में शुरू की गई थी।
  - **यह लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास तथा अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक्स का उपयोग करके** दूसरी पीढ़ी (2G) इथेनॉल **के लिये एकीकृत** जैव-इथेनॉल **परियोजनाओं पर केंद्रित है।**
  - कुल वित्तीय आवंटन: 1969.50 करोड़ रुपए (वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक)।
- इस योजना के तहत **वाणिज्यिक व्यवहार्यता बढ़ाने, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने** तथा **2G इथेनॉल के उत्पादन के क्षेत्र में प्रौद्योगिकियों** को अपनाने सहित वाणिज्यिक परियोजनाओं के लिये प्रति परियोजना 150 करोड़ रुपए के साथ ही **प्रदर्शन परियोजनाओं के लिये प्रति परियोजना 15 करोड़ रुपए की अधिकतम वित्तीय सहायता** निर्धारित की गई है।
- **लाभान्वित होने वाले प्रमुख राज्य:** पंजाब, हरियाणा, ओडिशा, असम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश।
- **बायो-एथेनॉल को बढ़ावा देने के लिये पीएम जी-वन योजना की आगामी पहल:** गैर-मिश्रित ईंधन पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाना, इथेनॉल खरीद समझौते (EPA), **फीडस्टॉक का विविधीकरण**, 2G इथेनॉल के लिये अलग कीमत, EBP कार्यक्रम के लिये इथेनॉल पर GST को कम करना।



//

और पढ़ें... [प्रधानमंत्री 'जी-वन' योजना]

अफ्रीकी जीन वैरिएंट CHD1L: HIV नियंत्रण में सहायक

नेचर जर्नल में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि **अफ्रीकी मूल के कुछ व्यक्तियों में एक अद्वितीय जीन संस्करण, क्रोमोडोमैन हेलिकेज़ DNA बाइंडिंग प्रोटीन 1 लाइक (CHD1L) होता** है, जो [ह्यूमन इम्यूनोडेफिसिएंसी वायरस (HIV)] **के प्रसार को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका** निभाता है।

- **CHD1L** जीन का यह प्रकार विशिष्ट रूप से अफ्रीकी आबादी में पाया जाता है और इसे HIV के सबसे खतरनाक **HIV-1 के वायरल लोड को कम करने से जोड़ा गया** है।
  - जीन के कार्य में प्रोटीन के लिये **कोडिंग** शामिल है **जो** [DNA] **क्षति की मरम्मत की सुविधा प्रदान** करती है।
- परिणामस्वरूप वायरस फैलाने की **उसकी क्षमता कम हो जाती** है और बीमारी के प्रसार की दर धीमी हो जाती है।
- हालाँकि **अफ्रीकी मूल के 4% से 13% व्यक्तियों में यह जीन वैरिएंट हो** सकता है, लेकिन जिस तंत्र द्वारा यह वायरल लोड को प्रभावित करता है वह अभी तक पूरी तरह से समझा नहीं गया है।

और पढ़ें...[ह्यूमन इम्यूनोडेफिसिएंसी वायरस]

MASI: बाल देखभाल संस्थान निरीक्षण में क्रांतिकारी बदलाव

हाल ही में **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में MASI पोर्टल के विषय में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

- [राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग] (National Commission for Protection of Child Rights- NCPCR) ने 'MASI नाम से एक एप्लीकेशन (**निर्बाध निरीक्षण के लिये एक निगरानी एप**) प्रस्तुत किया है।
- पूरे भारत में [बाल देखभाल संस्थानों] और उनकी निरीक्षण प्रक्रियाओं की निगरानी को बढ़ाने के लिये विकसित यह एप [किशोर न्याय अधिनियम, 2015] के अनिवार्य निरीक्षणों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की आवश्यकता को देखते हुए विकसित किया गया है।
- यह **बाल कल्याण समितियों**, **राज्य निरीक्षण समितियों**, **किशोर न्याय बोर्डों** और **बाल अधिकार संरक्षण के लिये राज्य आयोगों** (State Commissions for Protection of Child Rights- SCPCR) सहित विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा एकीकृत निरीक्षण की सुविधा प्रदान करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-5-august-2023